राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की शुभकामनाऐं

.

जयपुर, 08 जनवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा प्रदान करने की दिशा में विश्वविद्यालय को कुशलता से अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। विश्वविद्यालय को शिक्षा व अनुसंधान के साथ–साथ छात्र कल्याण तथा शिक्षा से इतर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित करनी होंगी ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के 74 वें स्थापना दिवस पर जारी संदेश मैं राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा ''स्थापना दिवस के अवसर पर मैं, विश्वविद्यालय परिवार का आव्हान करता हूँ कि निष्ठा, ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ सभी मिल–जुल कर कार्य करें। राष्ट्र की उन्नति के लिये भावी पीढ़ी को तैयार करें।''

कुलाधिपति श्री मिश्र ने कहा है कि ''विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने चाहिए। सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए विश्वविद्यालय को गोद लिये गये गांव बगरिया में निरन्तर जनहित के कार्य संचालित करने होंगे। समय की आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय को डिजिटलीकरण, वित्तीय समावेशन एवं नकद रहित भुगतान की ओर अग्रसर होने पर साधुवाद।''

कुलाधिपति श्री मिश्र ने कहा है कि ''स्थापना दिवस पर टीम भावना से विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए आप सभी प्रण लें। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर बहुत–बहुत शुभकामनाएं।''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल